# भट्टी की तरह तप रहा शहर, दिन का तापमान पहुंचा 43 .3 डिग्री

## रात का पारा भी 23 .2 डिग्री उछाल पर, गर्मी से हो रहा शहरवासियों का हाल बेहाल...

**शाजापुर । अप्रैल माह जैसे-जैसे बीत रहा है वैसे-वैसे लोगों के गर्मी के चलते हाल बेहाल हो रहे हैं। गर्मी का मौसम इन दिनों अपने तीखे तेवर दिखा रहा है, तापमान में इजाफा देखा जा रहा है। हालत ये है कि लोगों का दोपहर में घर से निकलना मुश्किल हो गया है। जो लोग घर से निकल रहे हैं, वे धूप से बचाव के जतन कर रहे हैं, बावजूद इसके वह पसीना-पसीना हो रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो तापमान में और भी वृद्धि होगी।**

इन दिनों शहर भट्टी की तरह तप रहा है। पिछले कुछ दिनों में गर्मी का पारा लगातार बढ़ा है। इधर, सूरज की तीखी किरणों की वजह से लोगों का बुरा हाल हो रहा है। शनिवार को दिन की शुरुआत ही तेज गर्मी से हुई। स्थिति यह थी कि सुबह से ही लोगों को कूलर का सहारा लेना पड़ा। वहीं दोपहर होते होते गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया। स्थानीय मौसम विशेषज्ञ सत्येंद्र धनोतिया ने बताया कि अब मौसम सामान्य रहेगा तथा तापमान में वृद्धि होगी। जानकारों की मानें तो इस माह तापमान 44 डिग्री से अधिक पहुंच सकता है।





### तापमान एक नजर में...

| दिनांक | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 25.04.26 | 43.3 | 23.2 |
| 24.04.26 | 42.2 | 22.7 |
| 23.04.26 | 41.1 | 21.0 |
| 22.04.26 | 41.6 | 21.7 |
| 21.04.26 | 40.2 | 23.3 |
| 20.04.26 | 40.0 | 24.0 |
| 19.04.26 | 39.0 | 24.0 |

**लू से बचने के लिए ये उपाय...**

ग्रीष्म ऋतु का प्रभाव प्रत्येक वर्ष अप्रैल के महीने से होना प्रारंभ हो जाता है, जिस कारण लू ताप घात का प्रभाव आमजन को होना संभावित है। लू तापघात से बचाव के लिए सावधानियों रखी जाना आवश्यक है, जिससे आमजन काफी हद तक लू तापघात के प्रभाव से बच सकता है। डॉक्टरों की मानें तो पानी, छाछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू का पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन निरन्तर किया जाए। यथासंभव दोपहर 12 से 3 बजे धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढंक कर रखें तथा टोपी, गमछा, दुपट्टा छतरी आदि का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन किया जाए एवं हमेशा पानी साथ रखें। सूती एवं ढीले वस्त्रों को पहना जाए एवं सिन्थेटिक वस्त्र पहनने से बचें। अत्यधिक गर्मी होने की स्थिति में ठंडे पानी से शरीर को पोंछे एवं स्नान करें। गरिष्ठ वसायुक्त ज्यादा प्रोटीन वाले भोजन तथा मादक पदार्थ मदिरा चाय कॉफी जैसे पेय पदार्थों का उपयोग कम करें। वहीं लू लगने पर व्यक्ति को फौरन छायादार जगह में लेटाएं तथा व्यक्ति के कपड़े ढीले करें। पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल कच्चे आम का पानी पिलायें। ताप घटाने के लिए व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें। लू लगने पर नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में चिकित्सक से उपचार प्राप्त करें।



### रात का तापमान भी 23 . 2 डिग्री पहुंचा...

केवल दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी गर्म हवा शहर में डेरा डाले हुए है, जिससे सूरज ढलने के बाद भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल रही है। शुक्रवार को जहां नगर का अधिकतम तापमान 42 .2 रहा, तो रात रात का तापमान भी 22 .7 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं अगले दिन शनिवार को अधिकतम तापमान 43 .3 और न्यूनतम तापमान 23 .2 डिग्री पहुंच गया। आगामी दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की संभावना नहीं है।

### दोपहर में घर से निकलना परेशानी भरा

इन दिनों मौसम की मार का सामना लोगों को करना पड़ रहा है। जिसके चलते लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। गर्म हवा से बचने के लिए नगरवासी खुद को पूरी तरह ढंककर निकल रहे हैं। वहीं चिकित्सक भी लोगों को लू से बचने के लिए लोगों को सलाह दे रहे हैं कि बिना खुद को ढंके या बगैर सावधानी के घर से न निकले और अधिक से अधिक पानी का सेवन करें।

## एक नजर में

### 8 ओवर में बनाए 105 रन, टीम सनशाइन बना विजेता



**मोहन बड़ोदिया।** टीम सनशाइन मोहन बडोदिया ने मोल्याखेड़ी में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत दर्ज की है। टीम सनशाइन ने गिरी पाटीदार और भैय्यू की शानदार बल्लेबाजी से 8 ओवर में 105 रन बनाए, गिरी पाटीदार ने मात्र 14 बॉल में 45 रन की धुंआधार पारी खेली। जवाब में बालाजी भंडावद की टीम सनशाइन टीम के मोहित पाटीदार, गिरी पाटीदार, आमिर, कर्तव्य पाटीदार और दाऊद की शानदार गेंदबाजी के आगे 55 रन पर ही ढेर हो गई। टीम सनशाइन ने 60 रन से विशाल जीत हासिल की। प्रतियोगिता के मैन ऑफद सीरीज टीम सनशाइन के उभरते ऑलराउंडर गिरी पाटीदार रहे, जिन्होंने पूरी प्रतियोगिता में 102 रन बनाए तथा 11 विकेट लेकर 10 कैच भी पकड़कर टीम की जीत में अहम योगदान दिया। टीम की जीत में राजा मंसूरी, भोला पाटीदार, मयूर पाटीदार, अंशु, अल्पेश, हिमांशु, राहुल शर्मा, पंकज पाटीदार, माधव शर्मा, प्रीत आदि खिलाड़ियों का बेहतरीन योगदान रहा। टीम सनशाइन को ग्राम पंचायत बड़ोदिया की सरपंच श्रीमती प्रतिज्ञा नारायण पाटीदार और उनके परिवार की और से 5100 रुपए की राशि से सम्मानित करने की घोषणा की है, टीम सनशाइन की जीत पर कोच और कप्तान नितिन शर्मा, पप्पू गुजराती, बंटू शर्मा, नितेश पटेल, सुभाष श्रीवास्तव आदि ने हर्ष व्यक्त कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### श्री सत्य सांई सेवा समिति ने मनाया बाबा का महासमाधि दिवस



**शाजापुर ।** श्री सत्य सांई सेवा समिति द्वारा शुक्रवार को श्री सत्य सांई बाबा के 15 वे महासमाधि दिवस को आराधना महोत्सव के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान समिति सदस्यों ने प्रात: सुप्रभातम नगर संकीर्तन के साथ जरूर मंद बस्ती ज्योति नगर में नारायण सेवा की गई, जिसमें 150 भोजन के पैकेट जरूरतमंदों को वितरित किए गए। इस सेवा में 6 पुरुष व 2 महिला सेवादल ने अपनी सेवाएं अर्पित की। इस सेवा में समिति के राजेश वार्ष्णेय, पीसी गुप्ता, बृजेंद्रसिंह खींची, रविंद्र धनोपिया, शिवनारायण सोनी, गजेंद्रसिंह खीची आदि उपस्थित थे।

### 5668 क्विंटल गेहूं की खरीदी



**मोहन बड़ोदिया।** शाजापुर जिले के मोहन बड़ोदिया में विपणन सहकारी संस्था मोहन बड़ोदिया द्वारा गेहूं की खरीदी की जा रही है, शाखा प्रबंधक जयप्रकाश नागर ने बताया कि शुक्रवार को विपणन सहकारी संस्था मोहन बड़ोदिया द्वारा 10 से 23 अप्रैल तक 5668 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है, गेहूं को सर्वेयर द्वारा चेक कर ही खरीदा जा रहा है, जबकि प्राथमिक कृषि सहकारी संस्था दुधाना सोसायटी में 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीदी की।

# युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की राह में लघु उद्योग भारती की अहम भूमिका...

## लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस पर किया आयोजन

**शाजापुर। लघु उद्योग भारती इकाई शाजापुर द्वारा पाटीदार बुक इंडस्ट्रीज बेरछा रोड पर स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश तिवारी रहे वहीं अध्यक्षता किशोर प्रजापति ने की। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिकरवार रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा जी के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।**



कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा लघु उद्योग भारती की स्थापना क्यों करना पड़ी और इसका क्या उद्देश्य रहा है इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की राह में लघु उद्योग भारती की अहम भूमिका के बारे में प्रकाश डाला गया। बताया गया कि 32 पूर्ण होने पर भारत के हर कोने कोने में लघु उद्योग भारती है। 60000 आजीवन सदस्यों के साथ संगठन के बारे में जानकारी दी गई। वहीं बताया गया कि संगठन उद्योग हित-राष्ट्र हित नारे के साथ देश भर के युवा साथियों के लिए नए नए उद्योग डालने हेतु प्रेरित कर रहा है। अतिथियों ने कहा कि संगठन के बैनर तले हजारों उद्योगों को विकसित करने एवं नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित करने का संकल्प के साथ कार्य पूरे देश में किया जा रहा है।

**ये रहे मौजूद...**

इस अवसर पर ज्ञान सिंह गुर्जर, अशोक पांचाल, राकेश पाटीदार, नीरज प्रजापति, सुनील पांचाल, महेश पाटीदार, दीपक प्रजापति, घनश्याम पाटीदार, उत्तम राठौर आदि सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मालवा प्रांत सहसचिव सुभाष मंडलोई ने किया तथा आभार कार्यक्रम के प्रभारी कीर्ति प्रकाश भावसार ने माना। सभी अतिथियों द्वारा किताब, कापी, रजिस्टर इंडस्ट्रीज का अवलोकन किया और राकेश पाटीदार का स्वागत किया गया एवं बधाई दी।

# जनगणना के लिए गुलाना के पर्यवेक्षकों को दिया प्रशिक्षण



**शाजापुर। जनगणना 2027 के लिए प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों का प्रथम चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 24 से 26 अप्रैल 2026 तक शासकीय डॉ. भीमराव अंबेडकर सांदीपनि सीएम राइज स्कूल गुलाना में आयोजित किया जा रहा है।**

प्रशिक्षण में प्रथम दिवस तहसील गुलाना के 40 पर्यवेक्षकों और 220 प्रगणकों को फील्ड ट्रेनर द्वारा इंटरेक्टिव स्क्रीन पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कल दोपहर पश्चात सभी प्रशिक्षणार्थी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा ग्राम गुलाना में उपस्थित होकर एचएलओ ट्रेनिंग एप्प पर टेस्ट लॉगिन कर मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य करके दिखाया जाएगा। प्रशिक्षण का निरीक्षण जिला जनगणना अधिकारी आलोक वर्मा, जनगणना के लिए नियुक्त प्रभारी मिलिंद देशपांडे एवं मास्टर ट्रेनर डॉ. वीपी मीणा द्वारा किया गया।

# सामूहिक पूजन अर्चन कर मनाया श्री चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव

## समाज की प्रतिभावान बालिका छवि का किया अभिनंदन

**शाजापुर। कायस्थ समाज द्वारा अपने आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्तजी महाराज का प्राकट्योत्सव गत दिवस स्थानीय लालपुरा स्थित कायस्थ समाज की धर्मशाला में मनाया गया। इस अवसर पर समाज की प्रतिभावान बालिका पायलट छवि सक्सेना पिता संजय सक्सेना सुप्रीम का सामाजिक स्वागत अभिनंदन किया गया।**



अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के अध्यक्ष व सचिव कायस्थ समाज शाजापुर दीपक निगम ने बताया कि इस अवसर पर भगवान श्री चित्रगुप्त के मंदिर पर आकर्षक विद्युत साजसज्जा एवं पुष्पसज्जा की गई थी। इस अवसर पर प्रभुश्री चित्रगुप्तजी का विशेष सामूहिक पूजन अर्चन किया गया इसके पश्चात प्रसादी वितरण किया गया। साथ ही आने वाले वित्तीय वर्ष को लेकर समाज द्वारा उपयोगी सुझावों एवं नए कायाकल्पों के बारे में विचार किया गया। इस अवसर पर कायस्थ समाज अध्यक्ष सोमप्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ डॉ. राजेंद्र सक्सेना, नूतन माथुर, शशांक श्रीवास्तव, राजेश सक्सेना, अजय सक्सेना सुप्रीम, मनोहर श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, राजेंद सक्सेना, अरविंद भटनागर, योगेंद्र, पंकज सक्सेना, आशीष सक्सेना, अनिल माथुर, मनोहर श्रीवास्तव, देवी प्रसाद सक्सेना, हेमंत सक्सेना, आलोक माथुर, मयंक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष मौजूद थे।

# पुस्तक घर से सजी ज्ञान की पाठशाला

## राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्रों ने बढ़ाया पढ़ने का संस्कार

**शुजालपुर । विश्व पुस्तक दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा शुक्रवार को पुस्तक घर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम ने न सिर्फ पुस्तकों के प्रति रुचि जगाई, बल्कि विद्यार्थियों में साझा करने की भावना भी मजबूत की।**



पुस्तकालय विभाग के सहयोग से आयोजित इस अभिनव पहल का मूल संदेश ज्यादा हो तो दे जाओ, जरूरत हो तो ले जाओ रहा। इसके तहत छात्र-छात्राओं ने अपनी अतिरिक्त पुस्तकें दान कीं और जरूरतमंदों ने उन्हें ग्रहण किया। इस अनूठे प्रयास से परिसर में अध्ययन का सकारात्मक वातावरण बना नजर आया। मुख्य अतिथि अवधेश सिंह चौहान ने कहा कि पुस्तकें ज्ञान का अमूल्य भंडार हैं। जो व्यक्ति को सही दिशा देने के साथ व्यक्तित्व का निर्माण भी करती हैं। वहीं प्रीतम सिंह परमार द्वारा पुस्तक दान किए जाने से कई विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए उपयोगी व प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहले युवाओं में पढ़ने की आदत विकसित करने में अहम भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में डॉ. गुलाब मेवाड़ा, इंदु व्यास, राजेश सेन एवं अनमोल गौतम सहित अनेक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में आज निकलेगी शोभायात्रा

# ब्राह्मणों ने वाहन रैली निकालकर समाजजनों को दिया आमंत्रण

**शाजापुर । भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समारोह अंतर्गत सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में वाहन रैली निकाली गई। रैली में मातृ शक्ति, युवा और वरिष्ठजनों ने उत्साह के साथ भागीदारी की। रविवार को ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान श्री परशुराम प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई।**



शोभायात्रा एबी रोड स्थित मां राजराजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर टंकी चौराहा, महूपुरा, किला रोड़, आजाद चौक, नई सड़क, बस स्टैंड, ट्रैफिक पाइंट से एबी रोड से भगवान श्री परशुराम मंदिर दुपाड़ा रोड़ पर संपन्न हुई। रैली चामुंडा टेकरी स्थित भगवान श्री परशुराम मंदिर पहुंची। जहां समाजजनों द्वारा भगवान श्री परशुराम जी की महाआरती की गई। सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दिलीप शर्मा, युवा इकाई अध्यक्ष भूपेंद्र शर्मा ने समाजजनों से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया है। रविवार को भगवान श्री परशुराम जी की धूमधाम से शोभायात्रा निकाली जाएगी।

शोभायात्रा शाम पांच बजे मां राजराजेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर फव्वारा चौक, टेंशन चौराहा, काछीवाड़ा, मगरिया, सोमवारिया बाजार, कंस चौराहा, बालवीर हनुमान मंदिर, वजीरपुरा, धानमंडी, किला रोड, छोटा चौक, आजाद चौक, नईसड़क, बस स्टैंड होकर मां राजराजेश्वरी मंदिर पहुंचकर समापन होगा।

**शोभायात्रा को लेकर में उत्साह**

समाजजन में शोभायात्रा को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन में मुख्य अतिथि पंडित अक्षय शर्मा नागराज सरकार देव स्थान द्वारिका पुरी शाजापुर मुख्य अतिथि रहेंगे। शोभायात्रा के समापन के बाद समाजजनों के लिए भंडारे का आयोजन मां राजराजेश्वरी मंदिर परिसर में होगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन और अतिथि उपस्थित लोगों को मार्गदर्शन देंगे। आयोजन को लेकर समाजजनों द्वारा कई दिनों से तैयारियां की जा रही हैं। घर-घर जाकर आमंत्रण भी बांटे गए हैं।

# आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**मोहन बड़ोदिया।** आर्यावर्त शासकीय महाविद्यालय मोहन बड़ोदिया में नारी शक्ति बंधन पखवाड़ा के तहत द्वितीय चरण के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य श्रीमती सौम्या सिंह तोमर द्वारा की गई, निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी और निबंध लिखें। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति राजपूत द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नागेश सिसोदिया एवं द्वितीय स्थान पायल राठौर ने प्राप्त किया। महाविद्यालय के विद्यार्थी इस कार्यक्रम में शामिल हुए साथ ही महाविद्यालय के सदस्य डॉ. राजकुमार सूत्रकार, गोपाल वर्मा, अभय कुमार भोसले, सायरा बानो खान, जितेंद्र विश्वकर्मा और मदन लाल मालवीय उपस्थित रहे।